जयकार लगाते आओ जयकार लगाते जाओ | Vini Devda

धामों में एक धाम है ,खाटू जिसका नाम है
इच्छा फल पाए सभी, देने वाला जब श्याम है

जयकार लगाते आओ जयकार लगाते जाओ
हारे के सहारे अब तुम ही पार लगाओ

श्याम भक्तों के संग में झूमते चले आओ
ले निशान हाथों में लहराते आ जाओ
रख भरोसा मन में श्याम को मनाओ
जयकार लगाते आओ जयकार लगाते जाओ

देखो खाटू नगरी के श्याम द्वार मैं आ गया
पहला प्रणाम खाटू के तोरण द्वार पे पा गया
इस पावन नगरी को शीश झुकाते जाओ
जयकार लगाते आओ जयकार लगाते जाओ

जय जयकारा करते बाबा मंदिर तक हम आये
श्याम छवि तेरी देख कर मन ही मन मुस्काये
इन दो नैनन में तुम श्याम को बसाओ
जयकार लगाते आओ जयकार लगाते जाओ

श्याम छवि को देख कर श्याम कुंड आ जाए
श्याम कुंड में नहा कर अपने पाप मिटाये
कहे पवन राजोरिया श्याम के गुण तुम गाओ
जयकार लगाते आओ जयकार लगाते जाओ

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a5%87-%e0%a4%86%e0%a4%93-%e0%a4%9c%e0%a4%af%e0%a4%95%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b2%e0%a4%97%e0%a4%be%e0%a4%a4/